कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर

–: प्रेस नोट :–

पुलिस शहीद दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाईन स्थित सरदार पटेल सभागार में निबन्ध लेखन व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

पुलिस शहीद दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमान पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार आज पुलिस लाईन स्थित सरदार पटेल सभागर में श्री सुभाष चन्द्र अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस परामर्श केन्द्र व श्री गोपाल सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, अभय कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर द्वारा राष्ट्रीय एकता में पुलिस की भूमिका पर निबन्ध एवं सामान्य ज्ञान की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मचारियों के 08 से 15 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। निबन्ध एवं क्विज प्रतियोगिता में दिलीप शेरावत, अक्षय ताडा, रितिका वैष्णव, विष्णु ताडा, प्राची जाणी, युवराज चौधरी, महेश दाधीच, जतिन वैष्णव व हर्ष शेरावत विजयी रहे, विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया जाकर पुरूस्कृत किया गया।

संलग्न :– फोटोग्राफ।